श्याम मैंने जीवन किया तेरे नाम भजन लिरिक्स

श्याम मैंने जीवन किया तेरे नाम,

दोहा – कोशिश करके हार गई,
तुम ना आए कृष्ण मुरारी,
दिल की लगी नहीं बुझती,
रोती है राधा प्यारी।

मैं हो गई दीवानी,
अपने हाथों में मेरा हाथ थाम,
श्याम मैंने जीवन किया तेरे नाम,
ओ श्याम,
श्याम मैने जीवन किया तेरे नाम,
जिसने हमें हंसाया जिसने रुला दिया,
जिनके कारण हो गई हूँ बदनाम,
श्याम मैने जीवन किया तेरे नाम।bd।
shyam maine jivan kiya tere naam
तर्ज – सौलह बरस की।

ऐ वृक्ष ऐ लता,
चुप क्यों है तू बता,
घनश्याम मेरा मुझसे,
क्यों हो गया जुदा,
तेरी डाल पर वो हरदम,
मुरलिया बजाता था,
मुरलिया की तान पर वो,
हमको नचाता था,
तू ही बता दे भवरे,
कहाँ खो गए मोरे श्याम,
पि रही हूँ गम के भर भर के जाम,
श्याम मैने जीवन किया तेरे नाम।bd।

यशोदा का लाला रोज,
मेरे घर आता था,
सखाओं के संग मिलकर,
वो माखन चुराता था,
जाती थी पनिया भरने,
जब मैं जमुना के घाट पे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी आपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कंकरिया मार गगरी,
मोरी फोड़ जाता था,
बड़ा ही सताता था वो,
बिच राह रोक कर,
अखियां दिखाए मोरी,
बइयां मरोड़ कर,
करुणा के सागर तुम ही,
कुछ तो बताओ उनका धाम,
मैं बहुत ही हो रही हूँ परेशान,
श्याम मैने जीवन किया तेरे नाम।bd।

किसको सुनाऊँ अपने,
दर्दे दिल की दास्ताँ,
कोई तो बताए प्यारे,
मोहन का रास्ता,
कैसा ये भगवन राधा,
का इम्तेहान है,
दो दर्शन आके दिल का,
यही अरमान है,
मत पीछे रोना प्रिये,
कसम मुझको दे गया,
लूटी सारी खुशियां मेरी,
गम मुझको दे गया,
कथा श्याम राधा की,
'कामेश' करता है बखान,
Bhajan Diary Lyrics,
ढूंढता है इनके चरणों के निशान,
श्याम मैने जीवन किया तेरे नाम।bd।

मैं हो गई दीवानी,
अपने हाथों में मेरा हाथ थाम,
श्याम मैंने जीवन किया तेरे नाम,
ओ श्याम,
श्याम मैने जीवन किया तेरे नाम,
जिसने हमें हंसाया जिसने रुला दिया,
जिनके कारण हो गई हूँ बदनाम,
श्याम मैने जीवन किया तेरे नाम।bd।

Singer – Adesh Kumar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com